जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय' स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-37 जयपुर, सोमवार, 6 अक्टूबर, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## कम-से-कम 5 हज़ार के खादी के कपड़े साल में हर परिवार खरीदेः अमित शाह

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गांधी जयंती पर खादी अपनाने की अपील की। उन्होंने हर परिवार से साल में कम से कम 5000 रुपये के खादी उत्पाद खरीदने को कहा। इससे गरीबों को रोजगार मिलेगा। शाह ने बताया कि खादी का टर्नओवर 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपये पहुंच गया है।


गांधी जयंती के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कनॉट प्लेस के खादी भवन में एक खास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने देशवासियों से खादी और स्वदेशी अपनाने की जोरदार अपील की। शाह ने बताया कि महात्मा गांधी ने खादी को स्वदेशी का प्रतीक बनाया था, और आज यह गरीबों को रोजगार देने का एक बड़ा जरिया बन गया है। उन्होंने हर परिवार से साल में कम से कम 5000 रुपये के खादी के कपड़े, चादर, पर्दे और तौलिया जैसी चीजें खरीदने का आग्रह किया। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि मोदी सरकार के प्रयासों से खादी की बिक्री में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। इसी अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने खादी उत्पादों पर विशेष छूट अभियान शुरू करने की घोषणा की है। अमित शाह ने अपने भाषण में कहा कि



महात्मा गांधी ने भारत की आत्मा को सही मायने में पहचाना था। गांधी जी ने खादी को स्वदेशी का एक मजबूत माध्यम बनाया। आज खादी सिर्फ एक कपड़ा नहीं, बल्कि लोगों के रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीज बन गई है। गृहमंत्री ने जोर देकर कहा कि जब हम खादी खरीदते हैं, तो इससे देश के लाखों गरीब लोगों को सीधा रोजगार मिलता है। शाह ने बताया कि साल 2014 से अब तक खादी की बिक्री में कई सौ गुना की शानदार बढ़ोतरी हुई है। इस समय खादी का कुल टर्नओवर 1 लाख 70 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। मोदी जी ने स्वदेशी की बात कहकर भारत को दुनिया का एक बड़ा हब बनाने की कोशिश की है। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि स्वदेशी का व्रत अपनाने से भारत 2047 तक दुनिया में सबसे ऊंचे स्थान पर पहुंच जाएगा। इस कार्यक्रम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि पूरे देश में खादी के सामानों पर एक खास छूट अभियान शुरू किया गया है। यह छूट दो अलग-अलग चरणों में दी जाएगी। पहला चरण 2 अक्टूबर से शुरू होकर 5 नवंबर तक चलेगा। वहीं, दूसरा चरण 15 नवंबर से शुरू होकर 25 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान, खादी के उत्पादों पर 20 फीसदी तक की छूट मिलेगी। साथ ही, ग्रामोद्योग के उत्पादों पर भी 10 फीसदी तक की छूट का फायदा उठाया जा सकता है। यह लोगों के लिए खादी अपनाने का एक अच्छा मौका है।

## खादी खरीददार निराश, नहीं मिल रही खादी पर 50% छूट

- सरकार से खादी संस्थाओं की 100 करोड़ रूपए की बकाया रिबेट राशि देने की मांग
- सरकार 50 प्रतिशत छूट का विज्ञापन देकर लूट रही वाहवही



Khadi India

राजस्थान सरकार से अपील

वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 की बकाया रिबेट राशि लगभग 100 करोड़ का करें भुगतान

खादी प्रेमियों से अनुरोध

गत तीन वर्षों से **गांधी जयंती** के अवसर पर खादी उत्पादों पर दी जाने वाली **35 प्रतिशत** रिबेट का भुगतान राज्य सरकार द्वारा खादी संस्थाओं को नहीं होने पर प्रदेश की प्रमाणित खादी संस्थाओं की सभा दिनांक 24 सितम्बर 2025 के सर्वसम्मत निर्णय अनुसार इस वर्ष

- **2 अक्टूबर, 2025 से 30 जनवरी, 2026** तक राज्य सरकार द्वारा प्रान्तीय उत्पादों पर 35 प्रतिशत घोषित रिबेट (छूट) संस्थाओं के द्वारा ग्राहकों को देना संभव नहीं होगा।
- **गांधी जयंती 2 अक्टूबर, 2025** से खादी संस्थाओं द्वारा अपने स्तर पर प्रान्तीय एवं परप्रान्तीय खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत (15 प्रतिशत एमएमडीए एवं 10 प्रतिशत विपणन विकास) तक ही छूट ग्राहकों को दी जाएगी।


प्रदेश की समस्त प्रमाणित खादी संस्था परिवार।

**जयपुर (हमारा वतन)।** पूरे देश ने 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंति मनायी । राज्य सरकार महात्मा गांधी की खादी को प्रमोट करने के लिए 50 प्रतिशत डिस्काउंट के विज्ञापन छपवा कर वाह-वाही लूट रही है, लेकिन यह डिस्काउंट सरकारी झूठ साबित हो रहा है। क्योंकि खादी ग्रामोद्योग केन्द्र पर खरीददारी करने जा रहे लोगों को 50% का कोई डिस्काउंट नहीं मिल रहा है, ऐसे में खादी पहनना पसंद करने वाले हजारों लोग खादी ग्रामोद्योग केन्द्रों से निराश लौट रहे हैं।



जानकारी के लिए आपको बता दें कि बीते तीन वर्षों से खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं का 100 करोड़ रूपए की रिबेट राशि का राज्य सरकार द्वारा भुगतान नहीं किया गया है । ऐसे में प्रदेश स्तर पर बैठक कर सभी खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं ने मिलकर निर्णय लिया है कि वे इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा 2 अक्टूबर से 30 जनवरी तक के लिए घोषित किया गया 35 प्रतिशत डिस्काउंट खादी उत्पादों पर नहीं देंगी।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के मंत्री अनिल कुमार शर्मा के अनुसार खादी को प्रमोट करने के लिए राजस्थान सरकार 2 अक्टूबर से 30 जनवरी तक 35 प्रतिशत डिस्काउंट ऑफर करती है। केन्द्र सरकार की तरफ से 5 प्रतिशत, संस्थाओं की ओर से 10 प्रतिशत और राजस्थान सरकार की तरफ से 35 प्रतिशत, इस तरह कुल 50 प्रतिशत छूट प्रदेश में निर्मित खादी उत्पाद की खरीद पर ग्राहकों को दी जाती है। लेकिन पिछले 2022-23, 2023-24 और 2024-25 इन तीन वर्षों से सरकार ने संस्थाओं का 35 प्रतिशत रिबेट राशि का भुगतान नहीं किया है। संस्थाओं ने सरकार के कहने पर बीते तीन वर्षों में ग्राहकों को स्टेट खादी पर 50 प्रतिशत डिस्काउंट देकर उत्पाद बेचे, लेकिन राज्य सरकार ने अब तक संस्थाओं को उनका 35 प्रतिशत डिस्काउंट का बकाया करीब 100 करोड़ रूपए राशि का भुगतान नहीं किया है। राज्य सरकार से बार-बार भुगतान संबंधी मांग करने के बावजूद कोई सुनवायी नहीं हो रही है। जिसके बाद प्रदेश स्तर पर सभी खादी ग्रामोद्योग संस्थाओं ने मिलकर निर्णय लिया है कि वे इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा 2 अक्टूबर से 30 जनवरी तक के लिए घोषित किया गया 35 प्रतिशत डिस्काउंट खादी उत्पादों पर नहीं देंगी। खादी पसंद करने वाले प्रदेश के लाखों ग्राहक हर वर्ष 2 अक्टूबर से 30 जनवरी तक मिलने वाले 50 प्रतिशत डिस्काउंट ऑफर का इंतजार करते हैं। लेकिन इस बार जब लोग खादी ग्रामोद्योग केन्द्रों पर खरीददारी करने पहुंचे तो उन्हें 50 प्रतिशत डिस्काउंट नहीं मिलने का पता चला। जिससे ग्राहकों को काफी निराशा महसूस हुई और कई ग्राहक बिना खरीददारी ही लौट गए। हालांकि संस्थाएं अपने स्तर पर अभी ग्राहकों को 25 प्रतिशत डिस्काउंट दे रही हैं।



गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

**खादी मंदिर**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)

पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर

**हमारे विशेष उत्पादन**

सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि
ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703

गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

**राजस्थान खादी विकास मण्डल**

गोविंदगढ़ - मलिकपुर, जिला - जयपुर (राजस्थान)
पिन-303712, संपर्क -7597928160

खादी आर्थिक आज़ादी की प्रतीक है,
खादी वर्गभेद को मिटाती है

खादी व ग्रामोद्योग अपनाइए, यह पर्यावरण के अनुकूल है।

**संस्था के बिक्री केन्द्र**

खादी भण्डार, बापू बाजार- उदयपुर, खादी भण्डार, एम. आई. रोड-जयपुर, खादी भण्डार- सीकर, खादी भंडार- रेनवाल, खादी भण्डार - नवलगढ़, खादी आश्रम - सांभर लेक, खादी आश्रम - दांतारामगढ़, खादी आश्रम -बांसा और खादी आश्रम -गोविंदगढ़।

**संस्था के मुख्य उत्पाद** - सूती खादी, दरी कामदार, ऊनी खादी - जेंट्स शॉल, लेडीज़ शॉल, ट्वीड व रेडीमेड।
पोलिवस्त्र - टीटी, शर्टिंग गाढ़ा ।
अखाद्य तेल से निर्मित कपड़े धुलाई का साबुन
और सभी प्रकार का स्टील फर्नीचर।

कृपया हमारे उपरोक्त भंडारों से खादी व ग्रामोद्योग खरीद कर अनुग्रहित करें।

निवेदक - समस्त संस्था परिवार

गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

**जनकल्याण खादी ग्रामोद्योग संस्थान**

सरकारी स्कूल के पीछे,बुनकर बस्ती,कंवरपुरा कुम्भपुरिया,
तहसील-चौमूं, जिला-जयपुर (राज.) -303804,
संपर्क -9799659939

**बिक्री केंद्र**

कुम्भपुरिया,चौमूं, जयपुर (राज.), शिकारगढ़ ,जोधपुर (राज.),

**प्रमुख उत्पाद** - सूती खादी, ऊनी, रेशमी, पोलिवस्त्र एवं ग्रामोद्योग उत्पाद ।

हर हिन्दुस्तानी का एक ही नारा
खादी वस्त्र के साथ विचार हमारा !

संरक्षक - ओमकार मल गहलोत

अध्यक्ष - गंगाराम वर्मा
मंत्री - पूरणमल बुनकर
कार्यालय मंत्री- अंकित बुनकर
व्यवस्थापक - हीरा देवी

Khadi For Nation

खादी भारत

Khadi India

Khadi For Fashion

# शिवा स्वीट्स एंड कैटर्स का हुआ भव्य शुभारंभ



**चौमूं (हमारा वतन)।** मातारानी के नवरात्रों के पावन अवसर पर चौमूं शहर के सामोद रोड, बाईपास पुलिया, आकाश कान्वेंट स्कूल के पास स्थित शिवा स्वीट्स एंड कैटर्स का भव्य शुभारंभ हुआ।

शुभारंभ के अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, नगर परिषद सभापति विष्णु कुमार सैनी, रालोपा प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा, माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरालाल पांच्या, पूर्व अध्यक्ष दिनेश तिगरिया, महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान चौमूं अध्यक्ष सुरेश तंवर, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सायर सिंह तंवर, पार्षद कौशल्या देवी, पूर्व पार्षद राजेंद्र सैनी, आकाश कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर मामराज चौधरी, डॉ. हरिवल्लभ सैनी, गोपाल सैनी, राधाकिशन राई सहित कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

संचालक राकेश, शिवा और विक्रम ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार की मिठाइयां, फास्ट फूड और बेकरी से जुड़े सभी आइटम उचित रेट पर मिलेंगे। साथ ही स्वाद और शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।



## जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने पम्प चालक को दी बधाई

**जालोर (हमारा वतन)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जिला उपखंड जालोर कार्यालय में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह में हनीप खांजी खोखर पम्प चालक द्वितीय सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हुये। इस अवसर पर हनीप खांजी पम्प चालक द्वितीय को सेवानिवृत्त होने पर राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ(लोकतांत्रिक) जिला जालोर के जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने फूल माला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। कहा कि उनका कार्यकाल बहुत सराहनीय रहा । हनीप खांजी खोखर ने पूरे लग्न व ईमानदारी से कार्य किया है। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से आयोजित हुई महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती




**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर अशोक पाल ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री को धरती का लाल कहा जाता है और गांधी को राष्ट्पिता कहा जाता है। हमें इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस दौरान प्रधानाध्यापक डॉक्टर कमलकांत बरुआ, सुधीर सैनी, पर्यावरण मित्र डॉक्टर अशोक पाल सिंह, प्रतिभा शर्मा, इसराना खातून, इमरान अहमद, नसीम अहमद सहित कई लोग उपस्थित रहे।

गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

**नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ**

बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

**संस्था के केन्द्र**
उत्पादन केंद्र : 4 बिक्री भण्डार : 6
कार्डिंग प्लांट : 1 होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

अर्जुनदास वैष्णव- अध्यक्ष मो. 9001019876
इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

**भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001**

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वाबलम्बी बन सके।

❒ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी
❒ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

**शाखा केन्द्र**
कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

संजीव गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री

## जॉब्स

1. डीएसएसएसबी, पद प्राइमरी टीचर, पद संख्या 1180, अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2025
2. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद सीपीओ एसआई, पद संख्या 2861, अंतिम तिथि 16 अक्टूबर 2025
3. दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी, पद ग्रुप ए, बी, सी पोस्ट, पद संख्या 1732, अंतिम तिथि 5 नवंबर 2025
4. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट प्रोफेसर, पद संख्या 574, अंतिम तिथि 19 अक्टूबर 2025
5. डीएसएसएसबी, पद टीजीटी टीचर, पद संख्या 5346, अंतिम तिथि 7 नवंबर 2025
6. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद दिल्ली पुलिस हेड कांस्टेबल मिनिस्ट्रियल, पद संख्या 509, अंतिम तिथि 20 अक्टूबर 2025
7. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद दिल्ली पुलिस कांस्टेबल, पद संख्या 7565, अंतिम तिथि 21 अक्टूबर 2025
8. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद दिल्ली पुलिस ड्राइवर, पद संख्या 737, अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025



## सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया युवा प्रदेश महासचिव नियुक्त

**जयपुर (हमारा वतन)।** अखिल भारतीय सूत्रकार महासभा के राष्ट्रीय संयोजक बी.एम. रोजड़े के आदेशानुसार अखिल भारतीय सूत्रकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव शंकर छत्रपति ने चौमूं तहसील के ग्राम टांकरड़ा निवासी समाजसेवी सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया को अखिल भारतीय सूत्रकार महासभा का राजस्थान प्रदेश का युवा प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। हरसोलिया को युवा प्रदेश महासचिव बनने पर महासभा के पदाधिकारियों ने हर्ष जताया। हरसोलिया ने शीर्ष नेतृत्व का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।



## श्री शिरडी साई मंदिर में हुआ बाबा का भव्य श्रृंगार

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई बाबा मंदिर में बाबा की 107वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। साथ ही महा आरती का आयोजन हुआ। इस उपलक्ष में साईं भक्तों ने बाबा के दिव्य दर्शन कर मनोकामना मांगी।

मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि 107 साल पूर्व विजयदशमी के दिन बाबा साईं नाथ ने दोपहर 2 बजे शिर्डी में अपनी देह त्यागी थी। इस उपलक्ष्य में यह आयोजन रखा गया। बाबा भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करता है।



## उदयवीर सिंह यादव को मिला गांधी ग्लोबल शांति पुरस्कार 2025

**जयपुर (हमारा वतन)।** भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत मुख्य प्रबंधक उदयवीर सिंह यादव को गांधी ग्लोबल शांति पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। उदयवीर के समर्पण और व्यावसायिकता को अत्यधिक महत्व दिया जाता है और संगम अकादमी प्रकाशन मुख्य प्रबंधक उदयवीर सिंह यादव द्वारा किए जा रहे महान कार्य की सराहना करता है। गांधी वैश्विक शांति पुरस्कार 2025 मुख्य प्रबंधक उदयवीर सिंह यादव को सम्मानजनक उपलब्धि के लिए गर्व से प्रदान किया गया है।


गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

# राजस्थान खादी संघ

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

**देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोजगार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए**

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्र

❒ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जौहरी बाजार,खादी भण्डार अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर, ग्राम शिल्प जवाहर नगर, जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ।
❒ खादी भंडार जोधपुर, चुरू, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

**हमारे उत्पाद**

सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फर्नीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदिए।

ललित कुमार सैनी : अध्यक्ष | गोविंद कुमार मिश्रा : मंत्री
चमेल सिंह : उपाध्यक्ष | महेश कुमार शर्मा : सहायक मंत्री



गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

# ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 0296 - 2243518

❉ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❉ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❉ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❉ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❉ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❉ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❉ खादी निकेतन, बागीदौरा
❉ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

**सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल**

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष | **स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता** | इच्छा शंकर शर्मा - मंत्री



गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

# हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा

पिछड़े वर्गों का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

**हमारे बिक्री भण्डार**

❒ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार बूंदी ❒ खादी भण्डार झालावाड़ ❒ खादी भण्डार बारां ❒ खादी भण्डार इटावा ❒ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

**उत्पादन केन्द्र**

● खादी आश्रम कोटा
● खादी आश्रम बूंदी
● खादी आश्रम मांगरोल
● खादी आश्रम अटरू

**विशेषता:** कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

**अटरू विशेष योजना कार्यक्रम :** हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष | कमल किशोर शर्मा - मंत्री
राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष | प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक



गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

# खादी ग्रामोद्योग भण्डार



(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)

- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

**हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें**

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216



गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

# लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)

**हमारे खादी उत्पादन**
दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

**ग्रामोद्योग उत्पाद**
शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

हमारे बिक्री भण्डार : ■ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़ ■ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ■ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष | धर्मवीर सिंह - उपाध्यक्ष | राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# जातिवाद,वैचारिक विरोधी और संघ

संघ के जातिवादी होने के सवाल पर विज्ञान भवन के कार्यक्रम में भागवत ने कहा था कि अगर भारत में अंतररजातीय विवाहों की गणना किया जाए तो अंतरजातीय विवाह करने वालों में सबसे ज्यादा संख्या संघ के स्वयंसेवकों की होगी। यह संयोग ही है कि ठीक सौ साल पहले 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई, ठीक उसके कुछ ही महीने बाद छब्बीस दिसंबर 1925 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई। सौ साल की यात्रा को जब पीछे मुड़कर देखते हैं तो पता चलता है कि जोर-शोर से शुरू हुआ भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन भारत भूमि पर दम तोड़ता नजर आ रहा है, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा लगातार आगे बढ़ रही है। सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक मोर्चे पर संघ की वैचारिकी की प्रगति यात्रा जारी है।एक ही वक्त पर शुरू दोनों वैचारिकी में एक विशेष अंतर रहा। वाम आंदोलन के निशाने पर सदा संघ की विचारधारा और संगठन रहा। संघ के खिलाफ कभी सत्ता के सहयोग से तो कभी किसी और तरीके दुष्प्रचार खूब फैलाया गया। उसी में एक विचार ऐसा है कि संघ मुसलमानों के खिलाफ है। वैचारिक और सामाजिक मोर्चे पर यह भी स्थापित करने की कोशिश की गई कि संघ भारतभूमि से मुस्लिम धर्म का समूल खात्मा चाहता है। लेकिन हकीकत कुछ और है। संघ की प्रतिनिधि सभा के सदस्य और वरिष्ठ कार्यकर्ता इंद्रेश कुमार के संयोजन में साल 2002 से 'राष्ट्रीय मुस्लिम मंच' नाम का संगठन काम कर रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य इस्लाम मानने वाले भारतीय लोगों के बीच 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के संदर्भ में भारतीय राष्ट्रीयता के विचार को बढ़ावा देना है। संघ का कोई घोषित या अघोषित उद्देश्य नहीं है कि भारत भूमि मुस्लिम लोगों से मुक्त हो। संघ का प्रयास है कि भारत के मुसलमानों को लेकर स्थापित छवि बदले और राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर 'गुरू' रचित किताब 'ब्रंच ऑफ थॉट' का हवाला देकर अक्सर संघ को मुस्लिम विरोधी और सांप्रदायिक होने का प्रयास किया जाता है। वामपंथी विचारधारा के बुद्धिजीवियों को जब भी संघ पर हमला करना होता है, 1966 में प्रकाशित इसी किताब का वे हवाला देते हैं। संघ के मौजूदा सरसंघचालक मोहन राव भागवत इस बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर कर चुके हैं। सात साल पहले सितंबर 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई तीन दिनों की विशेष व्याख्यान माला के आखिरी दिन 20 सितंबर को संघ प्रमुख ने श्रोताओं से आमंत्रित प्रश्नों का जवाब दिया था। उसमें 'ब्रंच ऑफ थॉट' को लेकर भी एक प्रश्न पूछा गया था। उस प्रश्न के जवाब में मोहन राव भागवत ने कहा था, 'रही बात, बंच ऑफ थॉट्स की, तो बातें जो बोली जाती हैं वे परिस्थिति विशेष, प्रसंग विशेष के संदर्भ में बोली जाती हैं। वे शाश्वत नहीं रहतीं।' इसी सवाल के जवाब में भागवत ने आगे कहा था, आरएसएस कोई संकीर्ण संगठन नहीं है. समय के साथ हमारे विचार और इनका प्रकटीकरण भी बदलता है। संघ प्रमुख मुसलमान समुदाय को लोगों को भी अपना ही मानते हैं। इसी व्याख्यान माला में उन्होंने कहा था कि, 'हम एक देश की संतान हैं, भाई-भाई जैसे रहें। इसलिए संघ का अल्पसंख्यक शब्द को लेकर रिज़र्वेशन है। संघ इसको नहीं मानता. सब अपने हैं, दूर गए तो जोड़ना है। 'संघ को लेकर एक आरोप लगता है कि वह जातिवादी है। विशेषकर संघ विरोधी बुद्धिजीवी कहने से नहीं हिचकते कि संघ में उच्च जातियों का वर्चस्व है। के एस भारती द्वारा संपादित और 1988 में प्रकाशित 'इनसाइक्लोपीडिया ऑफ एमिनेंट थिंकर के सातवें खंड में दिए विवरण के अनुसार महात्मा गांधी 1934 में वर्धा में आयोजित संघ के एक शिविर का दौरा किया था।



राम गोपाल सैनी

# राजस्थान खादी संघ ने मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

**चौमूं (हमारा वतन)।** राजस्थान खादी संघ में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस दौरान सर्व धर्म प्रार्थना सभा, सूत कताई व गांधी जी के भजन गाए गए।

इस दौरान खादी संघ के लेखापाल सियाराम शर्मा, सुरेश कुमार शर्मा, प्रहलाद राजोरिया, मदन कुमावत, अर्जुन लाल जाट आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### *मुख्यमंत्री ने खरीदे खादी उत्पाद,स्वदेशी अपनाने का दिया संदेश*

# प्रधानमंत्री के 'हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी' आह्वान को प्रदेशवासी करें आत्मसात:मुख्यमंत्री



**जयपुर(हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गांधी जयंती के अवसर पर जयपुर के बजाज नगर स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन पहुंचे। उन्होंने यहां खादी उत्पाद खरीदे तथा आमजन को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने यूपीआई के माध्यम से भुगतान करते हुए डिजिटल इंडिया को भी बढ़ावा दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी' का आह्वान आत्मनिर्भर भारत का आधार है। हम सभी इस आह्वान को आत्मसात करते हुए ज्यादा से ज्यादा स्वदेशी उत्पादों को अपनाएं।



इससे पहले उन्होंने खादी एवं ग्रामोद्योग भवन परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

**गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ !!**

**क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित**

**भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए**

''मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।''

- महात्मा गांधी

11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत

रामदास शर्मा
अध्यक्ष

अनिल शर्मा
मंत्री

**गाँधी जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ**

**अंबेडकर विकास समिति चौमूं**

जिला-जयपुर द्वारा संचालित केंद्र एवं भंडार

1. कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र, हाथनौदा, तहसील-चौमूं,- जिला जयपुर
2. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बुनकर बस्ती चौमूं, जिला- जयपुर 303702
3. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बजाज नगर, जयपुर
4. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पहाड़ा, कालक्या माता आरटीओ रोड, उदयपुर 313001

**हमारे उत्पाद**

दरी, फ़र्श,खेश, आलमारी, टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान

मोहन लाल बुनकर
अध्यक्ष

रामजी लाल वर्मा
मंत्री

शंकर लाल वर्मा
सहा. मंत्री

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।